दैनिक जागरण 17/01/2026

जल बचाना ही जीवन संचय है : शुभजीत मुखर्जी

कार्यक्रम में शामिल रिसोर्स पर्सन, प्राचार्य व विद्यार्थी • विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला कैंट में मिशन ग्रीन एवं लीप के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास विषय पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला के पहले सत्र में पर्यावरणविद शुभजीत मुखर्जी ने सहभागिता की। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति व्यावहारिक समझ एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है। उन्होंने एनएसएस, एनसीसी, इको क्लब एवं वाईआरसी जैसे छात्र संगठनों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों की पर्यावरणीय चेतना का प्रमाण बताया। शुभजीत ने कहा कि यदि हम जल बचाते हैं, तो यह एक तरह से जीवन का संचय ही है। इस दौरान पर्यावरणविद शाहीन शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।